# DWARIKESH SUGAR INDUSTRIES LIMITED

**Corp. off.; 511, Maker Chambers V, 221, Nariman Point, Mumbai – 400021. Tel.: 2283 2486, 2204 2945, Fax: 2204 7288**
**E Mail: dsilbom@dwarikesh.com Website: www.dwarikesh.com, CIN: L15421UP1993PLC018642**

REF: DSIL/2024-25/076

June 05, 2024

Corporate Relationship Department
BSE Ltd.
Phiroze Jeejeebhoy Towers
Dalal Street, Fort, Mumbai - 400 001
Fax: 22723 2082 /3132

**Scrip Code - 532610**

National Stock Exchange of India Limited
"Exchange Plaza"
Bandra – Kurla Complex,
Bandra [E], Mumbai - 400 051

**Scrip Code – DWARKESH**

**Sub: Release of Notice of 30th Annual General Meeting, Book Closure Intimation and Notice of E-voting**

Dear Sir,

Pursuant to Regulation 29, 33 read with Regulation 47 of the SEBI (Listing Obligation and Disclosure Requirement) Regulations, 2015, we are pleased to forward herewith the published advertisement of Notice of 30th Annual General Meeting, Book Closure Intimation and Notice of E-voting of the Company in the following newspapers:

1. Business Standard, New Delhi Edition (English) released on June 05, 2024.
2. Shah Times, Moradabad Edition (Hindi) released on June 05, 2024.

You are kindly requested to acknowledge the receipt of the same.

Thanking you,

Yours Sincerely

BALKISHAN
JAWARILAL
MAHESHWARI

Digitally signed by BALKISHAN JAWARILAL MAHESHWARI
Date: 2024.06.05 12:47:17 +05'30'

**B J Maheshwari**
Managing Director & CS Cum CCO
(DIN: 00002075)

Encl: as above.

# लोक सभा चुनाव के नतीजे के लिए लोग घरों में कैद, सड़कों पर पसरा संनाटा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ठाकुरद्वारा।** लोकसभा चुनाव के नतीजे देखने के लिए लोग महिलाएं और बच्चे सहित टीवी , मोबाइल फोन पर दिनभर टकटकी लगाकर बैठे रहे जिससे सड़कों बाजारों में पूरे दिन सन्नाटा छाया रहा। हर समय आवाज रहने वाली चाय की दुकानों पर भी ग्राहक ढूंढे नहीं मिल रहे थे।

लोकसभा चुनाव के नतीजे को लेकर इस बार लोगों में बहुत ज्यादा उत्सुकता थी। यही वजह है कि सुबह से ही लोग घरों में कैद हो गए। महिलाएं बच्चे बुजुर्ग और युवा सभी टीवी की और मोबाइल फोन की स्क्रीन पर टकटकी लगाकर चुनावी नतीजे देख रहे थे। सुबह से ही सड़कों बाजारों में सन्नाटा पसर गया।

लोग घरों में कैद रहे और देर रात तक टीवी और मोबाइल फोन की स्क्रीन पर टकटकी लगाए चुनावी नतीजे देखते रहे। चाय की दुकानों पर हर समय जमघट रहता था लेकिन मंगलवार को यहां भी केवल दुकानदार ही बैठा नजर आया। नगर के सबसे व्यस्त कोतवाली चौराहा, बुध बाजार, पुराना शनि बाजार, नैनीताल बैंक मार्केट ,मदीना ज्वेलर्स चौराहा ,तिकोनिया बस स्टैंड हर जगह सन्नाटा ही नजर आ रहा था। लोग एक दूसरे को मोबाइल फोन पर संपर्क कर चिंता जता रहे थे तो कुछ लोग खुशी भी मना रहे थे।

**रहा मिला-जुला असर**

ठाकुरद्वारा। जहां एक और केंद्र में भाजपा की सरकार बनने की संभावनाओं को लेकर भाजपाइयों के चेहरे खिले हुए थे वहीं पूर्व सांसद स्वर्गीय और सर्वेश कुमार को करारी शिकस्त दिए जाने से उनके समर्थकों में घोर निराशा नजर आई, जबकि सपा और कांग्रेस कार्यकर्ताओं के चेहरे खिले हुए थे।

# शांति भंग के आरोप में गिरफ्तार

**ठाकुरद्वारा ( शाह टाइम्स संवाददाता )।** अलग अलग मारपीट पर उतारू तीन आरोपितों को पुलिस ने शांति भंग के आरोप में गिरफ्तार कर एसडीएम न्यायालय में पेश किया। जहां उन्हे जमानत पर छोड़ दिया गया है। कोतवाली क्षेत्र के गांव रामनगर खागूवाला निवासी नसीम अहमद पुत्र अकबर ने पुलिस को तहरीर देकर गांव के ही शाहिद पुत्र अब्दुल रशीद पर मारपीट करने का आरोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने शाहिद को शांति भंग के आरोप में गिरफ्तार किया है।

वहीं गौरव पुत्र स्व0 भोपाल सिंह व उमेश पुत्र गोपाल सिंह को पुलिस ने मारपीट पर उतारू होने पर शांति भंग के आरोप गिरफ्तार किया है। मंगलवार को पुलिस ने तीनों आरोपितों का शांति भंग के आरोप में गिरफ्तार कर चालानी कर एसडीएम न्यायालय में पेश किया। जहां उन्हे जमानत पर छोड़ दिया गया है।

# अपने किले को बचाने में नाकामयाब रहे भाजपा प्रदेश अध्यक्ष

● मंडल में इंडिया गठबंधन के तीन सांसद, भाजपा, रालोद व आजाद समाज पार्टी से एक-एक सांसद बनें

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष चौधरी भूपेन्द्र सिंह अपने ही किले को बचाने में कामयाब नहीं हो सके वहीं दूसरी ओर सपा अपने दुर्ग को बचाने में कामयाब रही।जहां भाजपा प्रदेश में 80 सीटों में से 80 पाने का दावा कर रही थी लेकिन प्रदेश की जनता ने राम मुद्दे को भी दरकिनार कर मतदान किया। प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी व इंडिया गठबंधन के बीच सीधा मुकाबला रहा जिसमें इंडिया गठबंधनअपने वर्चस्व को बनाये रखने में कामयाब रहा। अगर हम मुरादाबाद मंडल की बात करे तो मुरादाबाद लोकसभा से गठबंधन प्रत्याशी रूचि वीरा ने, लोकसभा रामपुर से मोहिबुल्ला ने संभल लोकसभा से जियाउर्रहमान बर्क ने गठबंधन प्रत्याशी के रूप में जीत दर्ज करायी तो नगीना लोकसभा सीट से आजाद समाज पार्टी के चन्द्रशेखर ने जीत दर्ज करायी तो वहीं मंडल में भाजपा गठबंधन के रूप में अमरोहा से भाजपा के कंवर सिंह तंवर ने और बिजनौर लोकसभा से रालोद के रूप में चन्दन चौहान ने जीत दर्ज करायी।



# महिला सुरक्षा दल ने बालिकाओं और महिलाओं को किया जागरूक

**मुरादाबाद।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक,हेमराज मीना के निर्देशन में महिला सुरक्षा दल, मुरादाबाद पुलिस द्वारा नारी सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन के लिए मिशन शक्ति अभियान के तहत महिला/बालिकाओं के विरुद्ध अपराधों पर नियंत्रण, उनको सुरक्षित परिवेश की अनुभूति कराने के उद्देश्य से थाना क्षेत्रान्तर्गत भ्रमणशील रहकर महिलाओं/बालिकाओं को महिला सम्बन्धी अपराध, साइबर अपराध, उनसे बचाव/सावधानियों, सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं, विभिन्न हेल्पलाईन नम्बरों 1090, 112, 181, 1098, 1930, 1076 व न्व्व्च् ऐप से प्राप्त होने वाली सुविधाओं एवं सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म (व्हाट्सएप, ट्विटर, फेसबुक, इन्स्टाग्राम आदि) का सावधानी से उपयोग करने हेतु जागरुक किया गया।



# महानगर कार्यालय पर आयोजित हुई एआईएमआईएम पार्टी की बैठक

**मुरादाबाद।** महानगर मे ऑल इंडिया मजलिसे इत्तेहादुल मुस्लिमीन एआईएमआईएम के गलशहीद स्थित महानगर कार्यालय पर पार्टी पदाधिकारियों की एक मीटिंग हुई, जिसमे मुरादाबाद लोकसभा चुनाव के नतीजों पर चर्चा हुई। मुरादाबाद से एआईएमआईएम ने लोकसभा के लिए परचा भरा था, लेकिन मुरादाबाद के हालत और पार्टी के आदेश पर वकी रशीद ने नॉमिनेशन वापस ले लिया था, सबका कहना है मुरादाबाद लोकसभा चुनाव से वकी रशीद का पर्चा वापस लेना बिल्कुल सही फैसला था।मुरादाबाद में एआईएमआईएम के चुनाव न लड़ने की वजह से बीजेपी को हराने मे इंडिया गठबंधन के कैंडिडेट को आसानी हुई और साम्प्रदायिक ताकतों को कमजोर करने मे कामयाबी मिली।मीटिंग में महानगर अध्यक्ष हाजी वकी रशीद एडवोकेट, प्रदेश सचिव जकी राईनी, प्रदेश महासचिव यूथ एहतेशाम मंसूरी', व अन्य पदाधिकारी गण मौजूद रहे।



# उत्तरप्रदेश में भाजपा को लगा झटका

**मुरादाबाद मंडल की सभी सीटें सपा के खाते में**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** लोकसभा चुनाव में भाजपा को बड़ा झटका लगा है। चाहें इसे असमान टिकट वितरण कहें या मतदाताओं की नापसंद। इस बार भले ही भाजपा सरकार में अयोध्या में राममंदिर का निर्माण किया गया हो परंतु भाजपा अयोध्या से ही हार गई। उत्तरप्रदेश से भाजपा को लोकसभा चुनाव में तगड़ा झटका लगा है परंतु फिर भी भाजपा फिर भी अकेले दम पर आजादी से पूर्व की पार्टी कांग्रेस से अधिक सीटों पर विजयी हुई है। यदि कांग्रेस का गठबंधन से अलग देखा जाये तो वह मात्र 100 सीटों पर ही सिमटकर रह गई जबकि भाजपा 230 का आंकड़ा पार कर गयी लेकिन भाजपा का उत्तरप्रदेश में बड़ा नुकसान सपा ने कर दिया। कुछ ऐसी सीट थीं जो भाजपा की झोली में थी पर उत्तरप्रदेश में टिकट सही वितरण न होने के कारण गवां दीं। मुरादाबाद मंडल की सीटों पर सपा का कब्जा रहा। वहीं संभल लोकसभा क्षेत्र से सपा की जोरदार जीत हुई है। सपा के जियाउर्रहमान बर्क ने भाजपा के परमेश्वर लाल सैनी को हराकर जीत दर्ज की है।



# बाइक की टक्कर से साइकिल सवार घायल

**कांठ ( शाह टाइम्स संवाददाता )।** मिश्रीपुर मार्ग पर बीती रात लगभग 10 बजे बाइक सवार ने शराब के नशे में साइकिल सवार को जोर दार टक्कर मार मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया टक्कर लगने से साहिल जमीन पर गिर गया और उसके हाथ मे फेक्चर हो गया स जिनको उपचार के लिए भर्ती कराया गया हैस जानकारी के अनुसार नगर के पृथ्वी गंज मोहल्ले के निवासी साहिल किसी काम से गए थे घर लौटते समय बाइक सवार ने उनकी साइकिल में टक्कर मार दी जिसकी वजह से वह गंभीर रूप से घायल हो गए स खबर लिखे जाने तक थाने में रिपोर्ट दर्ज नहीं हुई थी।



# पीपल क्लब के तत्वाधान में भण्डारे का किया गया आयोजन

**मुरादाबाद।** महिला संस्था यंग एनर्जेटिक पॉजिटिव पीपल क्लब की राम भक्ति में लीन एवं हनुमान जी की सेविकाय ने एक विशाल भंडारा वितरण जेष्ठ महा के दूसरे बड़े मंगलवार को आयोजित किया । जो की हरपाल नगर में राजा राम धर्मशाला मंदिर में सम्पन्न हुआ। भंडार शुरू करने से पहले विधिबत पूजा अर्चना एवं हमुमान चालीसा का पाठ करने के बाद भंडारा आरंभ किया ।इसमें सभी महिला सदस्यों ने सामूहिक रूप से सेवा समर्पण सहयोग करके प्रसाद एवम शर्बत वितरण आम एवं श्रद्धालु जन को वितरण करके धर्म लाभ कमाया। वितरण के साथ - साथ भक्ती से परिपूर्ण महिलाओं ने जय श्री राम एवं जय कारा वीर बजरंगी का उच्चारण किया। वितरण के दौरान नेहा मेहरोत्रा, मिली सिक्का,संजना भटनागर, दिव्या अग्रवाल, अदिति गोयल,मानसी टंडन, शालीन गुप्ता, दीपाली अग्रवाल, रजनी मित्तल, कामिनी शर्मा, रूपम, प्रतिभा पूनम भटनागर,वीनू आहूजा आदि मौजूद रहे।

# पति ने पत्नी और बेटे पर लगाया गंभीर आरोप, तहरीर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ठाकुरद्वारा।** एक व्यक्ति ने अपनी पत्नी और बेटे से जान का खतरा बताते हुए पुलिस को तहरीर देकर सुरक्षा की गुहार लगाई। कोतवाली क्षेत्र के गांव रामपुर घोंघर निवासी हरिओंम सिंह पुत्र चंद्रपाल सिंह ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसने अपनी सारी सम्पति अपनी पत्नी के नाम कर दी है। आरोप है कि उसकी पत्नी और पुत्र ने जान मारने के लिए बदमाशों को पीछे लगा रखा है।

पीडित ने अपनी पत्नी और बेटे से जान खतरा बताते हुए पुलिस को देकर कार्रवाई की मांग करते हुए सुरक्षा की गुहार लगाई।


**द्वारिकेश शुगर इंडस्ट्रीज लिमिटेड**

**पंजीकृत कार्यालय एवं कारखाना:** द्वारिकेश नगर - 246 762, जिला बिजनौर, (उ.प्र.)
**फोन:** 01343 - 267057-64; **फैक्स:** 01343 - 267065
**कॉर्पोरेट कार्यालय:** 511, मेकर चैम्बर्स वी, 221, नरीमन पॉइंट, मुंबई - 400021.
**फोन:** 2283 2486, 2204 2945; **फैक्स:** 2204 7288
**ई-मेल:** investors@dwarikesh.com; **वेबसाईट:** www.dwarikesh.com
**सीआईएन:** L15421UP1993PLC018642

**30वीं वार्षिक आम बैठक, बुक क्लोजर और ई-वोटिंग जानकारी की सूचना**

एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि एजीएम के आयोजन की सूचना में निर्धारित व्यवसायों के निष्पादन के लिए द्वारिकेश शुगर इंडस्ट्रीज लिमिटेड के सदस्यों की 30वीं वार्षिक आम बैठक ('एजीएम') शनिवार, 29 जून, 2024 को दोप. 12.15 बजे कंपनी के पंजीकृत कार्यालय द्वारिकेश नगर-246 762, जिला बिजनौर, उत्तर प्रदेश में आयोजित की जाएगी। कम्पनी ने 4 जून, 2024 को एजीएम के आयोजन की सूचना के साथ वार्षिक रिपोर्ट उन सदस्यों को इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से भेज दी है जिनके ई-मेल पते शुक्रवार, 31 मई, 2024 को कम्पनी और/या डिपॉजिटरीज के पास पंजीकृत हैं।

कॉर्पोरेट कार्य मंत्रालय द्वारा हरित पहलुओं के अनुसरण में कंपनी ने सभी दस्तावेज यथा एजीएम के साथ आम बैठक की सूचना, लेखापरीक्षित वित्तीय विवरण, निदेशकों की रिपोर्ट, लेखापरीक्षकों की रिपोर्ट आदि उन सदस्यों को केवल इलेक्ट्रॉनिक प्रारूप में भेजी है जिन्होंने अपने ई-मेल पते पर इलेक्ट्रॉनिक प्रारूप में इन दस्तावेजों को प्राप्त करने के लिए अपने ई-मेल पते या तो सीधे या अपने डीपी के माध्यम से उपलब्ध कराएं है। सदस्यों द्वारा लिखित अनुरोध करने पर वार्षिक रिपोर्ट की भौतिक प्रतियां भी नि:शुल्क उपलब्ध कराई जाएंगी।

एजीएम के आयोजन की सूचना के साथ 30वीं वार्षिक रिपोर्ट कम्पनी की वेबसाइट www.dwarikesh.com और स्टॉक एक्सचेंजों अर्थात् बीएसई लिमिटेड एवं नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड की वेबसाइट क्रमश: www.bseindia.com एवं www.nseindia.com तथा सेन्ट्रल डिपॉजिटरी सर्विसेज (इंडिया) लिमिटेड (''सीडीएसएल'') की वेबसाइट www.evotingindia.com पर उपलब्ध है।

एतद्द्वारा यह भी सूचित किया जाता है कि कम्पनी अधिनियम, 2013 (''अधिनियम'') की धारा 91 के प्रावधानों और उसके अधीन बनाए गए नियमों के अनुसरण में 30वीं एजीएम के प्रयोजन हेतु कम्पनी के सदस्यों का रजिस्टर और शेयर ट्रांसफर बुक रविवार, 23 जून, 2024 से शनिवार, 29 जून, 2024 तक (दोनों दिवस शामिल) बंद रहेंगे।

अधिनियम की धारा 108 के साथ पठित कम्पनी (प्रबंधन एवं प्रशासन) संशोधन नियम, 2015 के नियम 20 के प्रावधानों के अनुसरण मे कंपनी ने रिमोट ई-वोटिंग के लिए योग्यता के निर्धारण हेतु शनिवार, 22 जून, 2024 रिकार्ड तिथि ('कट-ऑफ तिथि'') के रूप में निर्धारित की है। ऐसा व्यक्ति जिसका नाम कट-ऑफ तिथि को सदस्यों के रजिस्टर या डिपॉजिटरीज द्वारा तैयार किए गए लाभार्थी स्वामियों के रजिस्टर में शामिल होगा केवल वे ही रिमोट ई-वोटिंग सुविधा का लाभ उठाने के उत्तरदायी होंगे। सदस्यों के वोटिंग अधिकार की गणना कट-ऑफ तिथि को कंपनी की प्रदत्त इक्विटी शेयर पूंजी में उनके शेयर के आनुपातिक होगा।

रिमोट ई-वोटिंग अवधि बुधवार, 26 जून, 2024 को प्रात: 9.00 बजे प्रारंभ होगी और शुक्रवार, 28 जून, 2024 को सायं 5.00 बजे समाप्त होगी और उसके बाद सीडीएसएल द्वारा रिमोट ई-वोटिंग मॉड्यूल हटा लिया जाएगा। शेयरधारक द्वारा एक बार प्रस्ताव पर वोट देने के बाद उसे बाद में बदलने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

शेयरधारकगण जिन्होंने बैठक की तिथि से पूर्व अपना वोट दे दिया है वे बैठक स्थान पर दोबारा अपना वोट देने के लिए योग्य नहीं होंगे। सदस्यगण वोटिंग के लिए केवल एक विकल्प या तो रिमोट ई-वोटिंग या एजीएम में भौतिक प्रारूप में वोटिंग को चुन सकते हैं। यदि कोई सदस्य दोनों माध्यम से अपना वोट देता है तो केवल ई-वोटिंग के माध्यम से की गई वोटिंग लागू होगी और बैलेट द्वारा दिए गए वोट को अवैध माना जाएगा।

ऐसा व्यक्ति जो कम्पनी के शेयर अधिग्रहीत करता है और कम्पनी द्वारा एजीएम की सूचना भेजे जाने के बाद कम्पनी का सदस्य बनता है तथा जिसका नाम कट-ऑफ तिथि अर्थात् शनिवार, 22 जून, 2024 को सदस्यों के रजिस्टर या लाभार्थी स्वामियों की सूची में शामिल हैं, केवल वे ही कंपनी की वेबसाइट www.dwarikesh.com पर कंपनी की वार्षिक रिपोर्ट और एजीएम की सूचना को देख सकता है या कंपनी को ई-मेल: investors@dwarikesh.com पर मेल भेज सकता है या सीडीएसएल की वेबसाइट www.evotingindia.com को देख सकता है और helpdesk.evoting@cdslindia.com पर अनुरोध भेजकर लॉगइन आईडी एवं पासवर्ड प्राप्त कर सकता है। तथापि, यदि वह रिमोट ई-वोटिंग के लिए सीडीएसएल के साथ पहले से पंजीकृत है तो वह वोट देने के लिए अपना वर्तमान यूजर आईडी एवं पासवर्ड का प्रयोग कर सकता है।

सीडीएसएल ई-वोटिंग सिस्टम के माध्यम से ई-वोटिंग के संबंध में किसी भी पूछताछ या परेशानी के लिए आप ई-मेल helpdesk.evoting@cdslindia.com पर लिख सकते हैं या टोल फ्री नं. 1800 22 55 33 पर सम्पर्क कर सकते हैं।

इलेक्ट्रॉनिक माध्यम द्वारा वोटिंग की सुविधा से जुड़ी सभी शिकायतें श्री राकेश दलवी, वरि. प्रबंधक (सीडीएसएल), सेंट्रल डिपॉजिटरी सर्विसेज (इंडिया) लिमिटेड, ए विंग, 25वां तल, मैराथन युचुरैक्स, मफतलाल मिल कम्पाउंड, एन एम जोशी मार्ग, लोअर परेल (पूर्व), मुंबई-400013 को संबोधित कर सकते हैं या ई-मेल helpdesk.evoting@cdslindia.com पर मेल कर सकते हैं या टोल फ्री नं. 1800 22 55 33 पर कॉल कर सकते हैं।

**द्वारिकेश शुगर इंडस्ट्रीज लिमिटेड के लिए**
**हस्ता./-**
**बी. जे. माहेश्वरी**
**प्रबंध निदेशक एवं सीएस-सह-सीसीओ**
**डीआईएन : 00002075**

**स्थान :** द्वारिकेश नगर, जिला बिजनौर, उत्तर प्रदेश
**दिनांक :** 4 जून, 2024


# आईएफटीएम विश्वविद्यालय के 76 विद्यार्थियों को मिली जॉब

**मुरादाबाद।** आईएफटीएम विश्वविद्यालय के ट्रेनिंग एण्ड प्लेसमैंट सेल द्वारा आयोजित प्लेसमेंट ड्राइव के माध्यम से बीए के 01, बी. एससी-पीसीएम के 09, बी.एससी-जेडबीसी के 05, बी.एससी-केमिस्ट्री के 01, बी.एससी-फिजिक्स के 03, बीसीए के 09, बीबीए के 01, डिप्लोमा, मैकेनिकल इंजीनियरिंग के 13, डिप्लोमा, इलैक्ट्रिकल इंजीनियरिंग के 09, डिप्लोमा, कम्प्यूटर साइंस के 10, बी.टेक, मैकेनिकल इंजीनियरिंग के 05, बी.टेक, इलैक्ट्रिकल इंजीनियरिंग के 04, एमबीए के 04 एवं, एम.एससी-कैमिस्ट्री के 02 विद्यार्थियों का गुरूग्राम, हरियाणा स्थित कम्पनी ''ओम लॉजिस्टिक्स'' में आकर्षक वेतनमान पर चयन हुआ है। विद्यार्थियों की इस सफलता के लिए विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो. संजीव अग्रवाल ने उन्हें बधाई देते हुए कहा कि आप सभी पूरे मनोयोग से अपना सर्वश्रेष्ठ योगदान दें और ईमानदारी व निष्ठा से कार्य करें। प्रो. अग्रवाल ने यह भी कहा कि विद्यार्थी अपनी स्किल क्षमता में निरन्तर वृद्धि करते रहें।

इस अवसर पर ट्रेनिंग एण्ड प्लेसमेंट सेल के निदेशक श्री के.के. बंसल ने उक्त कम्पनी के एचआर मैनेजर श्री तुमुल जायसवाल के प्रति आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर स्कूल ऑफ कम्प्यूटर साइंस एण्ड एप्लीकेशन्स के निदेशक प्रो. राहुल कुमार मिश्रा, यूनिवर्सिटी पॉलीटेक्निक के निदेशक प्रो. वैभव त्रिवेदी, स्कूल ऑफ इंजीनियरिंग एण्ड टैक्नोलॉजी के निदेशक प्रो. मनोज कुमार, स्कूल ऑफ बिजनेस मैनेजमैंट की निदेशिका प्रो. निशा अग्रवाल, स्कूल ऑफ साइंसेज के निदेशक प्रो. बी.के. सिंह एवं स्कूल ऑफ सोशल साइंसेज की निदेशिका प्रो. राजकुमारी सिंह ने भी चयनित विद्यार्थियों को उनके उज्ज्वल भविष्य हेतु शुभकामनाएं दीं। प्लेसमेंट ड्राइव सम्पन्न कराने में सीनियर ट्रेनिंग एण्ड प्लेसमेंट अधिकारी श्री आशीष अग्रवाल ट्रेनिंग एण्ड प्लेसमेंट अधिकारी तथा सम्बन्धित स्कूल एवं यूनिवर्सिटी पॉलीटैक्निक के ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट समन्वयक डॉ. संजय कुमार सिंह, ललित जौहरी एवं मिस शुभांगी अग्रवाल का योगदान रहा।

# पर्यावरण के प्रति जागरूकता अतिआवश्यक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कुंदरकी।** पर्यावरण एक जरूरी सवाल ही नहीं बल्कि ज्वलंत मुद्दा बना हुआ है लेकिन आज लोगों में इसे लेकर जागरूकता है। ग्रामीण समाज को छोड़ दें तो भी महानगरीय जीवन में इसके प्रति खास उत्सुकता नहीं पाई जाती। परिणामस्वरूप पर्यावरण सुरक्षा महज एक सरकारी एजेण्डा ही बन कर रह गया है। जबकि यह पूरे समाज से बहुत ही घनिष्ठ सम्बन्ध रखने वाला सवाल है। जब तक इसके प्रति लोगों में एक स्वाभाविक लगाव पैदा नहीं होता, पर्यावरण संरक्षण एक दूर का सपना ही बना रहेगा। पर्यावरण का सीधा सम्बन्ध प्रकृति से है। अपने परिवेश में हम तरह- तरह के जीव-जन्तु, पेड़-पौधे तथा अन्य सजीव-निर्जीव वस्तुएँ पाते हैं। ये सब मिलकर पर्यावरण की रचना करते हैं। विज्ञान की विभिन्न शाखाओं जैसे-भौतिक विज्ञान, रसायन विज्ञान तथा जीव विज्ञान, आदि में विषय के मौलिक सिद्धान्तों तथा उनसे सम्बन्ध प्रायोगिक विषयों का अध्ययन किया जाता है। परन्तु आज की आवश्यकता यह है कि पर्यावरण के विस्तृत अध्ययन के साथ-साथ इससे सम्बन्धित व्यावहारिक ज्ञान पर बल दिया जाए। आधुनिक समाज को पर्यावरण से सम्बन्धित समस्याओं की शिक्षा व्यापक स्तर पर दी जानी चाहिए। साथ ही इससे निपटने के बचावकारी उपायों की जानकारी भी आवश्यक है। आज के मशीनी युग में हम ऐसी स्थिति से गुजर रहे हैं। प्रदूषण एक अभिशाप के रूप में सम्पूर्ण पर्यावरण को नष्ट करने के लिए हमारे सामने खड़ा है। सम्पूर्ण विश्व एक गम्भीर चुनौती के दौर से गुजर रहा है। यद्यपि हमारे पास पर्यावरण सम्बन्धी पाठ्य-सामग्री की कमी है तथापि सन्दर्भ सामग्री की कमी नहीं है। वास्तव में आज पर्यावरण से सम्बद्ध उपलब्ध ज्ञान को व्यावहारिक बनाने की आवश्यकता है ताकि समस्या को जनमानस सहज रूप से समझ सके। ऐसी विषम परिस्थिति में समाज को उसके कर्त्तव्य तथा दायित्व का एहसास होना आवश्यक है। इस प्रकार समाज में पर्यावरण के प्रति जागरूकता पैदा की जा सकती है। वास्तव में सजीव तथा निर्जीव दो संघटक मिलकर प्रकृति का निर्माण करते हैं। वायु, जल तथा भूमि निर्जीव घटकों में आते हैं जबकि जन्तु-जगत तथा पादप-जगत से मिलकर सजीवों का निर्माण होता है। इन संघटकों के मध्य एक महत्वपूर्ण रिश्ता यह है कि अपने जीवन-निर्वाह के लिए परस्पर निर्भर रहते हैं। जीव-जगत में यद्यपि मानव सबसे अधिक सचेतन एवं संवेदनशील प्राणी है तथापि अपनी आवश्यकताओं की पूर्ति हेतु वह अन्य जीव-जन्तुओं, पादप, वायु, जल तथा भूमि पर निर्भर रहता है। मानव के परिवेश में पाए जाने वाले जीव-जन्तु पादप, वायु, जल तथा भूमि पर्यावरण की संरचना करते है। शिक्षा के माध्यम से पर्यावरण का ज्ञान शिक्षा मानव-जीवन के बहुमुखी विकास का एक प्रबल साधन है। इसका मुख्य उद्देश्य व्यक्ति के अन्दर शारीरिक, मानसिक, सामाजिक, संस्कृतिक तथा आध्यात्मिक बुद्धी एवं परिपक्वता लाना है। शिक्षा के उद्देश्यों की पूर्ति हेतु प्राकृतिक वातावरण का ज्ञान अति आवश्यक है। प्राकृतिक वातावरण के बारे में ज्ञानार्जन की परम्परा भारतीय संस्कृति में आरम्भ से ही रही है। परन्तु आज के भौतिकवादी युग में परिस्थितियाँ भिन्न होती जा रही हैं। एक ओर जहां विज्ञान एवं तकनीकी के विभिन्न क्षेत्रों में नए-नए अविष्कार हो रहे हैं। तो दूसरी ओर मानव परिवेश भी उसी गति से प्रभावित हो रहा है। आने वाली पीढ़ी को पर्यावरण में हो रहे परिवर्तनों का ज्ञान शिक्षा के माध्यम से होना आवश्यक है। पर्यावरण तथा शिक्षा के अन्तर्सम्बन्धों का ज्ञान हासिल करके कोई भी व्यक्ति इस दिशा मेंअनेक महत्वपूर्ण कार्य कर सकता है। पर्यावरण का विज्ञान से गहरा सम्बन्ध है, किन्तु उसकी शिक्षा में किसी प्रकार की वैज्ञानिक पेचीदगियाँ नहीं हैं। शिक्षार्थियों को प्रकृति तथा पारिस्थितिक ज्ञान सीधी तथा सरल भाषा में समझायी जानी चाहिए। शुरू-शुरू में यह ज्ञान सतही तौर पर मात्र परिचयात्मक ढंग से होना चाहिए। आगे चलकर इसके तकनीकी पहलुओं पर विचार किया जाना चाहिए। शिक्षा के क्षेत्र में पर्यावरण का ज्ञान मानवीय सुरक्षा के लिए आवश्यक है। लोग अपने आस पास के आवरण को नष्ट करने का हर संभव प्रयास में लगे हुए है पर्यावरण की सुरक्षा तो सिर्फ दिमाग मे ही है।नगरीकरण तथा औद्योगीकरण के कारण पर्यावरण का अधिक से अधिक दोहन हो रहा है और इसका सीधा परिणाम यही निकल कर आ रहा है कि पर्यावरण का संतुलन बिगड़ता जा रहा है जिससे कहीं सूखा कही अतिवृष्टि जैसी समस्याएं उत्पन्न होती जा रही है। इसका परिणाम हमें लगातार कुछ वर्षों में देखने को मिल रहा है।जीवन स्तर में वास्तविक रूप से गिरावट आती जा रही है। 2013 की केदारनाथ त्रासदी (जिसके चिन्ह आज 11 वर्षों बाद भी साफ देखे जा सकते हैं) 2017 में अमेरिका में आये अति विनाशक चक्रवात श्इरमाश और श्हार्वेश (सिम्पसन स्केल पर क्रमश: कैटेगरी-4 व कैटेगरी-5 के तूफान), 2019 में अटलांटिक महासागर में उठे बेहद शक्तिशाली समुद्री तूफान श्डोरियनश(कैटेगरी-5 क्षमता का तूफान), 2022 में यूरोप की अविश्वसनीय हीट वेव (जिसने 6000 से अधिक जानें ले ली),2023 में भारत में आया श्बिपरजॉयश चक्रवात तो सिर्फ बानगी हैं। वर्तमान समय में तापमान 45 से 50 डिग्री हो गया है जिसके कारण घरों से निकलना तथा दैनिक कार्य करना भी मुश्किल हो गया है। वास्तविकता इनसे कहीं अधिक भयानक रूप धारण कर रही है। यही कारण है कि मानव-बुद्धि की श्रेष्ठता स्थापित करने और अत्याधिक प्रौद्योगिकी विकास करने के बाद भी हमें प्रत्येक वर्ष पर्यावरण संरक्षण के लिये दुनियाभर के तामझाम,राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन, कॉन्फ्रेंस और सेमिनार, समझौते करने के लिये मजबूर होना पड़ता है। अगर यही स्थिति रही तो हरी -भरी कही जाने वाली हमारी पृथ्वी एक दिन बन्जर होकर रह जायेगी और इससे जीवन समाप्त हो जाएगा और यह फिर से वही आकाश पिण्ड का गोला बनकर रह जायेगी।'डॉ स्वदेश सिंह' 'प्रधानाचार्या' 'राजकीय हाईस्कूल नगलिया मशकूला कुंदरकी।


**पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड**

**एतद्द्वारा निम्न निविदायें ई-टेन्डरिंग के माध्यम से आमंत्रित की जाती है-**
**अल्पकालीन ई-निविदा संख्या**- 09/2024-25 (कार्य का विवरण:- बिजनेस प्लान 2024-25 के अन्तर्गत विद्युत वितरण खण्ड, सम्भल के कार्यक्षेत्र में 33/11 केवी उपकेन्द्रों के सुदृढीकरण सम्बन्धी विभिन्न कार्यों को बाह्य एजेन्सी के माध्यम से कराये जाने का कार्य

**उपरोक्त ई-निविदायें** दिनांक 19.06.2024 को समय 12.00 बजे तक भरी जा सकती हैं तथा उक्त ई-निविदाओं का प्रथम भाग दिनांक 19.06.2024 को 15.00 बजे खोली जायेगी उक्त निविदाओं के सादे समस्त कार्यों का पूर्ण विवरण व मात्रा, निविदा विशिष्टिकरण की नियम व शर्तें, धरोहर राशि व निविदा शुल्क तथा अन्य विवरण ई-निविदा पोर्टल**https://etender.up.nic.**पद तथा निगम की वेबसाईट**www.pvval.org** पर उपलब करायी जायेगी अधोहस्ताधारी बिना कारण बताये समस्त अथवा किसी भाग को निरस्त करने का अधिकार होगा तथा ष अन्य किसी भी प्रकार के संशोधन/विस्तार सम्बन्धित सूचना यदि कोई होगी तो वेबसाईट पर डाली गयी जायेगी। अत: स्वयं को अपडेट रखने के लिए उपरोक्त वेबसाईट का नियमित रूप से अवलोकन करते रहें।

**''राष्ट्रीयहित में बिजली बचायें''**
**अधीक्षण अभियन्ता पश्चिमाचल, विद्युत वितरण निगम लि., विद्युत वितरण मण्डल सम्भल ( 132 के.वी. विद्युत गृह परिसर, चन्दौसी )**

पत्रांक: 915/वि.वि.म.स./ दिनांक: 04.06.2024